# कोविड-19 के लक्षण

कोविड-19 के लक्षण फ्लू और आम जुकाम सहित अन्य श्वसन बीमारियों के समान हैं। लक्षण एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में भिन्न हो सकते हैं। कुछ लोगों को हल्के लक्षणों का अनुभव हो सकता है, जबकि अन्य में अधिक गंभीर लक्षण होते हैं।

- बुखार या ठिठुरन
- खांसी
- गंध या स्वाद की भावना का नुकसान
- सांस लेने में मुश्किल
- गले में खराश
- भूख में कमी
- बहती नाक
- छींकना
- अत्यधिक थकावट या थकान
- सरदर्द
- शरीर में दर्द
- मतली या उल्टीयां
- दस्त

कभी-कभी कोविड-19 वाले लोगों को हल्की बीमारी होती है, लेकिन कुछ दिनों में उनके लक्षण अचानक बिगड़ सकते हैं। बच्चों में वयस्कों के समान लेकिन हल्के लक्षण होते हैं।

कोविड-19 के लक्षणों के बारे में अधिक जानने के लिए, बीसी सेंटर फॉर डिज़ीज़ कंट्रोल: लक्षणपृष्ठ पर जाएं।

## यदि आपको लक्षण हैं

यदि आपको कोविड-19 के लक्षण है तो आप यह तय करने में सहायता करने के लिए कि यदि आपको आगे के मूल्यांकन या परीक्षण की आवश्यकता है, बीसी कोविड-19 लक्षण स्व-मूल्यांकन टूल का उपयोग करें।

यदि आपको परीक्षण की आवश्यकता है, तो अपने पास एक कोविड-19 कलेक्शन सेंटर तलाशने के लिए  बीसी सेंटर फॉर डिज़ीज़ कंट्रोल: कोविड-19 के लिए परीक्षण पेज पर जाएँ।

आपको अपने परीक्षा परिणामों का इंतजार करते हुए स्व-अलगाव करने की आवश्यकता है ताकि आप कोविड-19 को दूसरे लोगों तक ना फैलाएँ। स्व-अलगाव के बारे में अधिक जानने के लिए, किसे स्व-अलगाव

करना चाहिए और स्व-अलगाव को समाप्त करने के बारे में, बीसी सेंटर फॉर डिज़ीज़ कंट्रोल: आत्म अलहदगी (self-isolation) और आत्म-निगरानी (Self-Monitoring) देखें।

यदि आप बीमार हैं तो क्या करना है, इसे फैलने से कैसे रोकना है, और यदि आपको मैडिकल देखभाल की आवश्यकता है, तो क्या करना है, इस बारे में अधिक जानने के लिए, बीसी सेंटर फॉर डिज़ीज़ कंट्रोल: यदि आपको कोविड-19 है पेज पर जाएँ।

कोविड-19 से जुड़े कुछ लक्षण अन्य अवस्थाओं में आम हैं। यदि आपको लक्षण हैं तो आप क्या कर सकते हैं के बारे में अधिक जानकारी के लिए, देखें:

- जुकाम
- बुखार या ठिठुरन, 11 साल तथा उस से कम उम्र
- बुखार या ठिठुरन, 12 साल तथा उस से अधिक उम्र
- श्वास - प्रणाली की समस्यायें, 11 साल और उस से कम उम्र
- श्वास - प्रणाली की समस्यायें, 12 साल और उस से अधिक उम्र

कोविड-19 के कई लक्षणों का प्रबंधन घर पर कर सकते हैं। बहुत तरल पदार्थ पिएं, भरपूर आराम करें और खांसी या गले में खराश को कम करने के लिए ह्यूमिडिफायर या गर्म शॉवर का उपयोग करें।

कुछ लक्षण अन्य मैडीकल मुद्दों के संकेत भी हो सकते हैं और आपको मैडीकल देखभाल मांगने की आवश्यकता हो सकती है। यदि आप अनिश्चित हैं कि देखभाल की मांग करनी है या परीक्षण करवाना है, तो अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से संपर्क करें या **8-1-1 को** कॉल करें। यदि आपको या आपकी देखभाल में किसी व्यक्ति को साँस लेने में कठिनाई हो रही है, सीने में दर्द हो रहा है, जागने में कठिनाई हो रही है,  उलझन महसूस हो रही है या होश खो रहा है, तो आपको **9-1-1** पर फोन करके या अपने नजदीकी एमर्जेंसी विभाग में जा कर एमर्जेंसी मैडीकल देखभाल की मांग करनी चाहिए।

यदि आपके पास सामान्य स्वास्थ्य प्रश्न या चिंताएं हैं, तो हैल्थलिंकबीसी (**8-1-1**) से दिन या रात में, किसी भी समय, संपर्क करें। यदि साँस लेना कठिन हो जाता है, आप कुछ भी पी नहीं सकते हैं या बदतर महसूस करते हैं तो एक अर्जन्ट और प्राईमरी देखभाल केंद्र या एमर्जेंसी विभाग में तत्काल मैडीकल देखभाल प्राप्त करें। यदि आपको या आपकी देखभाल में किसी व्यक्ति को सीने में दर्द, सांस लेने में कठिनाई या गंभीर रक्तस्राव होता है, तो तुरंत **9-1-1** या अपने स्थानीय आपातकालीन नंबर को कॉल करें।

## यदि आप प्राथमिकता वाली आबादी हैं

अधिकतर लोग कोरोनावयइरसों से अपने आप ठीक हो जाते हैं। हालांकि, कुछ लोगों को अन्य स्वास्थ्य स्थितियों के कारण अधिक गंभीर बीमारी या जटिलताएँ विकसित होने की संभावना अधिक हो सकती है। इन्हें प्राथमिकता आबादीयाँ कहा जाता है और इन लोगों को सुरक्षित रखने के लिए विशिष्ट सावधानियों और उपचार की आवश्यकता हो सकती है।

प्राथमिकता वाली (और कमज़ोर) आबादीयों के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करें:

- बीसी सैंटर फॉर डिज़ीज़ कन्ट्रोल: प्राथमिकता वाली आबादीयां

- पब्लिक हैल्थ एजेंसी ऑफ कनाडा: असुरक्षित आबादीयां और कोविड-19 (PDF 335KB)
- पब्लिक हैल्थ एजेंसी ऑफ कनाडा: जो लोग कोविड-19 से गंभीर बीमारी के उच्च जोखिम पर हैं

## यदि आप लंबे समय तक चलने वाले लक्षणों का अनुभव कर रहे हैं

यदि आपको तीन महीने पहले कोविड-19 हुआ था और अभी भी लक्षणों का अनुभव कर रहे हैं, तो आपको "लौंग कोविड" हो सकता है। लौंग कोविड में लक्षणों की एक विस्तृत श्रृंखला हो सकती है और आपकी प्रारंभिक बीमारी के बाद महीनों (या वर्षों) तक रह सकती है। लौंग कोविड आपके जीवन और कार्य करने की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकता है।

यदि आप लगातार कोविड के बाद के लक्षणों के साथ रह रहे हैं और मदद की तलाश कर रहे हैं, तो आपकी रिकवरी का समर्थन करने के लिए फैक्ट शीट और वीडियो खोजने के लिए, और नेटवर्क को संदर्भित करने के तरीके के बारे में जानकारी के लिए पब्लिक हेल्थ सर्विसिज़ अथॉरिटी: पोस्ट-कोविड-19 इंटरडिसिप्लिनरी क्लिनिकल केयर नेटवर्क पेज पर जाएं।

# कोविड-19 के बारे में आम सवाल

कोविड-19 के बारे में लक्षणों और अन्य आम प्रश्नों के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करें, देखें:

- बीसी सैंटर फॉर डिज़ीज़ कन्ट्रोल: आम प्रश्न
- पब्लिक हैल्थ एजेंसी ऑफ कनाडा: कोविड-19: लक्षण, उपचार, बीमार होने पर क्या करें

कोविड-19 के बारे में और अपने आप को, अपने परिवार और अपने समुदाय को कैसे सुरक्षित रखना है के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करें, कोरोनावायरस रोग (कोविड-19) देखें।

**आखरी बार अपडेट किया गया**: 10 अगस्त 2022

मुहैया की गई जानकारी 17 दिसंबर 2020 को पहुंच प्राप्त किए गए बीसी सैंटर फॉर डिज़ीज़ कन्ट्रोल के कोविड-19 बीसीसीडीसी: लक्षण पेज, और को पहुंच प्राप्त किए गए 21 अप्रैल 2020, पब्लिक हैल्थ एजेंसी ऑफ कनाडा PHAC: कोरोनावायरस बिमारी (कोविड-19): लक्षण और इलाज पेज से ली गई है।